आ0सं0:–भवन–13/अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन/कालीकृत–10/2023............................दिनांक–

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

# आदेश

गया जिलान्तर्गत सरवहदा ओ०पी० में थाना भवन के निर्माण कार्य में पंचायत सरकार भवन बरूणा एवं ननउर के निर्माण कार्य का जाली/गलत अनुभव प्रमाणपत्र समर्पित करने के कारण बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, कौटिल्य नगर, पटना–14 के पत्रांक–2008 दिनांक–09.06.2023 द्वारा आपको दोषी मानते हुए इनके विरूद्ध बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी।

बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, कौटिल्य नगर, पटना–14 के पत्रांक–2008 दिनांक–09.06.2023 के द्वारा की गई अनुशंसा के आलोक में अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव की अध्यक्षता में आयोजित संवेदको के निलंबन/कालीकरण संबंधित बैठक दिनांक–26.07.2023 में इस पर विचार किया गया तथा विचारोपरांत सात सदस्यीय समिति के द्वारा संवेदक से स्पष्टीकरण करने का निर्णय लिया गया । तदालोक में विभागीय पत्रांक–7214 दिनांक–05.09.2023 द्वारा संवेदक से स्पष्टीकरण किया गया । जिसका जवाब प्राप्त है । **उक्त स्पष्टीकरण में संवेदक ने अपने स्टाफ के द्वारा गलत कागजात अपलोड करने की बात स्वीकार किया है ।**

पुनः दिनांक–19.12.2023 को अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव की अध्यक्षता में कालीकरण/निलंबन संबंधी बैठक हुई, जिसमें संवेदक के स्पष्टीकरण पर विचार किया गया । विचारोपरांत सात सदस्यीय समिति द्वारा संवेदक को उक्त मामले में दोषी मानते हुए उनके निबंधन को दो वर्षो के लिए निलंबित करने का निर्णय लिया गया ।

**अतः संवेदक, Air Cooling System, Prop-Asgar Hayat, S/O-Abul Hayat, Mahatwana, Mo-Phulwarisharif, Patna-801505 का निबंधन संख्या–1220033 को बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के नियम–11(vii) के तहत आदेश निर्गत होने की तिथि से दो वर्षों के लिए निलंबित किया जाता हैं ।**

ह0/–

**(सुधांशु शेखर राय)**

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–भवन–13/अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन/कालीकृत–10/2023 पटना,दिनांक–

स्पीडपोस्ट

प्रतिलिपिः–संवेदक, Air Cooling System, Prop-Asgar Hayat, S/O-Abul Hayat, Mahatwana, Mo-Phulwarisharif, Patna-801505 का निबंधन संख्या–1220033 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक—भवन—13/अभि0प्र0(नि0)—03—निलंबन/कालीकृत—10/2023          पटना,दिनांक—

प्रतिलिपिः—सचिव के आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग/पथ निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग/ऊर्जा विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/मुख्य महाप्रबंधक(परियोजना), बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना/सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता,भवन निर्माण विभाग/मुख्य अभियंता योजना एवं विकास विभाग/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/—

अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव

ज्ञापांक— भवन—13/अभि0प्र0(नि0)—03—निलंबन/कालीकृत—10/2023 757(अ) पटना,दिनांक— 23/1/24

प्रतिलिपिः—आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव